# रिया चक्रवर्ती से शादी की अफवाहों पर बोले थे सुशांत सिंह राजपूत



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

इन दिनों सुशांत सिंह राजपूत और ऐक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती की डेटिंग की खबरें सुर्खियों में हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इस बात की ओर इशारा किया है कि वे रिलेशनशिप में हैं। हाल ही में कुछ ऐसी खबरें सुनने को मिलीं कि सुशांत रिया के साथ शादी कर सेट्ल होने को लेकर काफी हड़बड़ी में हैं, जबकि ऐक्ट्रेस अभी कुछ समय लेना चाहती हैं। अब लेटेस्ट बातचीत में सुशांत ने इन अफवाहों को लेकर कुछ बातें कही हैं।

सुशांत ने इसी रिलेशनशिप को लेकर पूछे गए सवालों का जवाब दिया है। उनसे उन रिपोर्ट्स के बारे में पूछा गया जिनमें कहा जा रहा था कि सुशांत अपने रिलेशनशिप को अगले लेवल तक ले जाने को पूरी तरह से तैयार हैं। उनसे सोशल मीडिया पर छाए उनके फोटोग्राफ के बारे में भी पूछा गया। सुशांत ने इन सवालों के जवाब में कहा, ये सारी अफवाहें हैं। साथ ही सुशांत ने यह भी कहा कि अब उन्होंने अपने बारे में अफवाहें पढ़नी बंद कर दी है।

आपको बता दें कि इससे पहले भी सुशांत अपनी अफेयर को लेकर काफी चर्चा में रहे हैं। ऐक्ट्रेस अंकिता लोखंडे से ब्रेकअप होने के बाद कृति सेनन के साथ उनके अफेयर की खबरें भी खूब चली थीं। वर्कफ्रंट की बात करें तो सुशांत बहुत जल्द नितेश तिवारी की फिल्म छिछोरे में नजर आनेवाले हैं। यह फिल्म अगले महीने 6 सितम्बर को बड़े पर्दे पर रिलीज़ होगी। इस फिल्म में श्रद्धा कपूर, वरुण शर्मा, ताहिर राज भसीन, तुषार पांडे, सहर्ष कुमार शुक्ला और प्रतीक बब्बर अहम भूमिका में हैं। रिया चक्रवर्ती फिल्म चेहरे में नजर आनेवाली हैं।

# खुशाली कुमार दही चीनी से करेंगी डेब्यू

गुलशन कुमार की बेटी खुशाली कुमार आर. माधवन के साथ दही-चीनी से बॉलीवुड में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह फिल्म में एक वकील की भूमिका निभाएंगी और अपने किरदार में पूरी तरह फिट बैठने के लिए उन्होंने अपना होमवर्क भी शुरू कर दिया है।

फिल्म को लेकर खुशाली ने कहा, अपनी तैयारी के तौर पर मैंने वकीलों की काम की नैतिकता और कानूनी कार्यवाही को समझने के लिए प्रसिद्ध वकीलों के साथ बातचीत शुरू कर दी है। मैं उनके काम करने के तरीके को देखने और समझने के लिए अदालत भी गई हूं और यह भी देखा की एक महिला वकील अदालत में कैसे प्रतिक्रिया देती है। मैंने कुछ परिपक्व महिला वकीलों से भेंट भी की, उनके साथ खड़ा होना और फोटो क्लिक करना एक बड़ा सम्मान था, हालांकि मैं विभिन्न अदालतों में अधिक समय बिताने की योजना बना रही हूं, ताकि उनकी कार्यप्रणाली को समझा जा सके। दही-चीनी को नवोदित निर्देशक अश्विन नील मणि द्वारा निर्देशित किया जा रहा है।

# जल्द डायरेक्शन में कदम रखेंगी आमिर की बेटी इरा खान

सुपरस्टार आमिर खान की बेटी इरा खान लाइमलाइट से दूर रहना ही पसंद करती हैं। लेकिन हाल ही में इरा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रही हैं। अब इरा अपनी प्रफेशनल लाइफ को लेकर खबरों में हैं। खबर है कि इरा जल्द ही अपना डायरेक्शनल डेब्यू करने जा रही हैं। वह अपने डायरेक्शन की शुरुआत थिअटर प्रॉडक्शन 'यूरिपिड्स मेडिया' के साथ करेंगी। इस साल के अंत तक ग्रीक ट्रैजेडी पर आधारित इस नाटक को चुनिंदा भारतीय शहरों में प्रदर्शित किया जाएगा।

इरा के करीबी सूत्रों से पता चला है कि वह पहले ही अपने डायरेक्शन पर काम शुरू कर चुकी है और नाटक का प्रीमियर दिसंबर में होने वाला है। मुंबई में नाटक के लिए प्रैक्टिस जल्द ही शुरू होगा। ईरा ने कहा, 'कोई विशेष कारण नहीं है कि मैंने थिएटर से शुरू करने का फैसला किया। मुझे थिअटर से प्यार है, यह जादुई है, टेक्नॉलजी की दुनिया में भी यह अपने क्लासिकल रूप में है, यह बहुत रियल है।

हाल ही में एक बातचीत के दौरान इरा ने बताया, हमेशा कैमरे के पीछे काम करने में मैं ज्यादा आरामदायक और उत्साहित महसूस करती हूं।' उन्होंने कहा कि उन्हें कभी भी ऐक्टिंग की तरफ झुकाव महसूस नहीं किया था, सिवाय इसके कि वह एक ऐक्शन फिल्म हो। थिअटर के प्रति अपने प्यार के बारे में बताते हुए इरा ने कहा कि वह हमेशा लिटरेचर में नाटकों को पढ़कर रोमांचित होती हैं।

पिछले दिनों इरा ने अपने बॉयफ्रेंड के साथ एक बेहद प्यारी तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की है, जिसे देखकर ही दोनों के बीच के प्यार का अंदाजा लगाया जा सकता है। इन फोटोज में से कई में वह अपने बॉयफ्रेंड मिशाल कृपलानी के साथ दिखाई दे रही हैं। इरा ने कभी भी अपनी रिलेशनशिप को छिपाने की कोशिश नहीं की और उनकी तस्वीरें इसका सबूत हैं।